SWATANTRA BHARAT, LUCKOW
Friday, October 05, 2012

टीसीएस आईटी विज क्षेत्रीय फाइनल का संस्करण नौ को

लखनऊ (सं.)। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारत की अग्रणी आईटी सेवाएं, बीपीओ एवं आउटसोर्सिंग फर्म ने घोषणा की कि भारत में स्कूलों की सबसे बड़ी तकनीक प्रश्नोत्तरी टीसीएस आईटी विज के उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड क्षेत्रीय संस्करण का आयोजन मंगलवार 9 अक्टूबर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान विभूति खंड, गोमती नगर में आयोजित की जायेगी।

टीसीएस आईटी विज का लखनऊ संस्करण उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के कक्षा 8 से कक्षा 12 में पढ़ रहे छात्रों के लिए खुला है। कोई प्रवेश शुल्क नहीं है। प्रत्येक संस्था की अनेक टीम (दो टीम प्रति सदस्य) प्रतियोगिता में भाग ले सकती है।

क्षेत्रीय राउंड के उपरांत राष्ट्रीय फाइनल का दिसंबर में आयोजन किया जायेगा, जहां 14 क्षेत्रीय दौर से विजेता टीम टीसीएस आईटी विज चैंपियन खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

इस साल टीसीएस आईटी विज का आयोजन हैदराबाद, अहमदाबाद, बेंगलूर, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयंबटूर, दिल्ली, पुणे, कोलकाता, कोच्चि, लखनऊ, नागपुर, इंदौर, दिल्ली और मुंबई में किया जायेगा। विख्यात क्विज मास्टर गिरी बाला सुब्रमण्यम उर्फ पिकब्रेन प्रश्नोत्तरी का संचालन करेंगे।